## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान पर आयोजित कार्यशाला को किया सम्बोधित : कहा– बाबा साहब ने राष्ट्र निर्माण में लगाया पूरा जीवन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के नाका हिंडोला गुरूद्वारा में खालसा सृजन दिवस और बैसाखी कार्यक्रम में हुए शामिल : सिख गुरूओं के बलिदान को किया याद।
3. केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मिर्जापुर में केन्द्रीय पैथालॉजी और स्ट्रीट फूड विक्रेताओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और बूंदा–बांदी का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान बढ़ोत्तरी का जताया अनुमान।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले दस सालों में भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकारों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिये काम किया है। वह आज लखनऊ में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री योगी ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन और विचारों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार सांस्कृतिक केंद्र बनाने जा रहा है। बाइट...

*लखनऊ में भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का एक इंटरनेशनल सेंटर और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना, उनका स्मारक और उनका एक सांस्कृतिक केंद्र भी स्थापित कर रहे हैं। जहां पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के दर्शन पर शोध हो सके लोग कार्य कर सकें, कौन ऐसा महामानव था जिसने अपमान सहकर के भी भारत और भारतीयता के लिए पूरा जीवन लगाया, वो कौन महामानव था जिसने देश की बदहाली के खिलाफ आवाज उठायी थी, गरीब और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया था, कौन वो महामानव था जिसने तंगहाली में गरीबी में जीवन यापन करते हुए भी दुनिया की शिक्षा की उच्चतम डिग्री ले करके भारत को आगे बढ़ाने का काम किया था।*

उधर, मुख्यमंत्री ने लखनऊ के नाका हिंडोला गुरूद्वारा में खालसा सृजन दिवस और बैसाखी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि सिख गुरूओं का बलिदान बेकार नहीं जाना चाहिए। इन योद्धाओं ने देश और समाज को जोड़ने

का काम किया है। उन्होने कहा कि सिख गुरूओं के योगदान और समाज को एक सूत्र में पिरोने के उनके अभियान को जारी रखना चाहिए। बाइट...

*देश और धर्म की रक्षा करने के लिए सिख योद्धाओं का बलिदान तो उनके लिए अपने परिवार के लिए नहीं था, उनके स्वयं के लिए नहीं था। इस देश और धर्म के लिए था और देश और धर्म के लिए हुआ कोई भी योगदान वो व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। पूरे समाज को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए, पूरे समाज को उसके साथ जोड़ करके हमें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सिखों की उन्नति और उनकी खुशहाली के पीछे उन्हीं की ये आशिर्वाद है, उन्हीं की कृपा है, आज के इस अवसर पर खालसा पंथ की स्थापना के 325 वर्ष पूर्ण हुए हैं 326वें कार्यक्रम के साथ आज हम यहां पर जुड़ रहे हैं। मैं एक बार फिर से आज सबको बैशाखी के साथ–साथ खालसा पंथ की स्थापना के इस शानदार अभ्यिान के प्रति हृदइय से बधाई देता हूं।*

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बाल फिल्म महोत्सव जैसे कार्यक्रमों से बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा मिलती है। श्रीमती पटेल आज लखनऊ में सिटी मांटेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 14वें अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के समापन समारोह म बोल रही थीं। उन्होने कहा कि इन आयोजनों से बच्चों को न सिर्फ सृजनता की बारीकियों की जानकारी होगी बल्कि इनसे प्रेरित होकर वे भविष्य में प्रेरणादायी फिल्में बना कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगे। राज्यपाल ने अभिभावकों और शिक्षकों पर जोर देते हुए कहा कि वे बच्चों की प्रतिभा और रूचि के अनुसार उन्हें सही दिशा देने की कोशिश करें ताकि उनकी मेधा को निखारा जा सके। श्रीमती पटेल ने

लोगों का आह्वान किया कि गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आगे आयें। समारोह में राज्यपाल ने बाल फिल्म महोत्सव में चयनित उत्कृष्ट फिल्मों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर डॉक्टर भारती गांधी और फिल्म जगत से जुड़े गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह न आज जालौन जिले के महतवानी गांव में जल जीवन मिशन– 'हर घर जल' कार्यक्रम के तहत नलकूप आधारित पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस योजना के माध्यम से बुंदेलखंड के डेढ़ हजार से अधिक आबादी वाले गांव को शुद्ध पयजल की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह पेयजल योजना सिर्फ एक ही गांव तक सीमित नहीं है बल्कि जिले के कई दूरस्थ गांवों को भी क्लोरीनेशन के साथ सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बुंदेलखंड सहित पूरे प्रदेश में ग्रामीणों को स्वास्थ्यवर्धक पानी मुहैया कराना है, इससे जल जनित बीमारियों पर भी रोक लगेगी। जालौन भ्रमण के दौरान जल शक्ति मंत्री ने सतोह गांव में नून नदी के पुनर्जीवन के लिए अभियान की शुरूआत भी की। इस अभियान में हजारों लोगों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि नदी सिर्फ जल

का माध्यम नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परम्परा के साथ–साथ भविष्य की धरोहर है। इसलिए इसका संवर्धन और संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज मिर्ज़ापुर मे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि स्ट्रीट फूड भारतीय संस्कृति की पहचान है। बाइट...

*स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशाला भारत सरकार के अधीन फूड स्टैंडर्ड और सेफ्टी अथॉरटी का महत्वपूर्ण अभियान है। भारत के कोने–कोने में स्ट्रीट फूड खाया जाता है पर यह साफ हो सुथरा हो स्वच्छ हो सेहत को हानि न पहुंचे यह भी जरूरी है।*

श्री पटेल ने आज यहां केंद्रीय पैथोलॉजी का शुभारंभ भी किया। इस दौरान उन्हांने कहा इंटिग्रेडेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी में 40 से ज्यादा रोगों की जांच हो सकेगी।

————————

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल में आज शाम साढे सात बजे दिल्ली कैपिटल्स और मुम्बई इंडियन्स के बोच मुकाबला होगा। वहीं कल शाम लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नइ सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायट्स आमने सामने होंगे। इस लीग में चेन्नई सुपर किंग्स हार का सिलसिला तोड़ने के लिए भरसक प्रयास कर रही है।

डिस्पैच

*चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन से गुजर रही है, जिसमें उसने लगातार पांच मैच गंवाए हैं। अपने घरेलू मैदान में भी उसे लगातार तीन हार मिली है। अब उसकी नजरें लखनऊ के खिलाफ इस हार के सिलसिले को तोड़ने पर टिकी हैं। दूसरी ओर, मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स शानदार फॉर्म में है और लगातार चौथी जीत की तलाश में है। उनकी गेंदबाजी, जो टूर्नामेंट की शुरुआत में कमजोर कड़ी थी, अब आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर की बदौलत मजबूत हो गई है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हालिया जीत में इन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

प्रदेश में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–2025 के लिए युवाओं से आवेदन मांगे गये हैं। उत्तर प्रदेश कार्पोरेट कार्य मंत्रालय रजिस्टार ऑफ कम्पनीज़ लता सिसोदिया ने लखनऊ में बताया कि प्रदेश सहित पूरे देश में लागू इस योजना का उद्‌देश्य युवाओं को शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशिप का मौका देना है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में कानपुर, नोएडा और मेरठ में विशेष कार्यक्रमों का आयाजन कराया गया है और अब तक प्रदेश में बीस हजार से ज्यादा

आवेदन मिल चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया और अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

————————

लखनऊ निवासी एक ही परिवार के पांच लोगों की राजस्थान के जयपुर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में दो महिलायें और एक बच्चा भी शामिल हैं। यह दुर्घटना आज सुबह जयपुर जिले के मनोहरपुर—दौसा हाईवे पर उस समय हुई जब सामने से आ रहे तज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। राजस्थान पुलिस ने बताया है कि यह सभी दर्शन के लिए खाटू श्याम जा रहे थे।

————————

प्रदेश के कई भागों में आज मौसम में आये बदलाव से आम जन—जीवन प्रभावित रहा। प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़ और चंदौली सहित कई जिलों में धूलभरी तेज आंधी, बूंदाबांदी और कहीं—कहीं बारिश से जनजीवन पर असर पड़ा है। कई इलाकों में खेतों में कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। बाइट...

*आगे आने वाले दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के सुदूर तराई इलाकों में एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी को छोड़कर प्रदेश में अन्य स्थानों पर मौसम*

*मुख्यतः शुष्क बने रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में आगामी 13 से लेकर 18 अप्रैल के दौरान क्रमिक तौर पर 3 से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना है।*

———————